# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने शुरू किया स्वच्छता पखवाड़ा 2024



**हरियाणा वरदान संवाददाता**

गुरुग्राम। भारत सरकार के निदेशानुसार स्वच्छता ही सेवा-2024 के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता झ संस्कार स्वच्छता की थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा -2024 का शुभारंभ राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में स्वछता पकड़वाड़े का शुभांरभ किया गया इसके साथ ही गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह के अनुसरण और राजभाषा विभाग एवं मुख्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के आदेश के अनुपालन में राजभाषा पखवाड़ा-2024 का भी शुभारंभ कार्यालय अध्यक्ष विकास कुंडल, निदेशक(प्रभारी) की अध्यक्षता में किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश शर्मा, उप निदेशक (रा.भा.) क्षेत्रीय कार्यालय,चेन्नई मौजूद रहे।इस मौके पर विकास कुंडल की अध्यक्षता में कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई तथा अपना समस्त कार्यालयी कार्य हिंदी में करने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंचदीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया गया।कार्यालय प्रमुख द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल, प्लांट पॉट एवं श्रीफल भेंट कर उनको सम्मान किया गया।मौजूद लोगों को संबोधित करते मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश को स्वच्छ रखना और हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देना महात्मा गाँधी का सपना था जिसके लिए महात्मा गाँधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। हम सब को इस कार्य के लिए सदा तत्पर रहना चाहिए। कार्यालय प्रमुख विकास कुंडल ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि स्वच्छता एवं हिंदी पखवाड़ा जैसे दो महत्वपूर्ण एवं विस्तृत विषयों का आज समन्वय हो रहा है।दोनों के लिए ही मन,वचन और कर्म से समर्पण की आवश्यकता है। जिस प्रकार स्वच्छता हमारे जीवन के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी महत्वपूर्ण है,ठीक उसी प्रकार हिंदी का प्रयोग और प्रसार देश की उन्नति के लिए बेहद आवश्यक है।हमें राजभाषा हिंदी का सम्मान करना चाहिए तथा स्वच्छता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई कार्य करने योग्य है तो हमें उसे पूर्ण तत्परता,तन्मयता और निष्ठा के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण से करना चाहिए।साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यालय कार्मिकों के कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उन्हें स्वच्छ एवं अनुरूप वातावरण प्रदान करना बेहद आवश्यक है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम कार्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत किया गया पौधारोपण

**कार्यालय प्रमुख विकास कुंडल ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता के लिए मन, वचन और कर्म से समर्पण की आवश्यकता है।**

**हरियाणा वरदान संवाददाता**

गुरुग्राम। भारत सरकार के निदेशानुसार स्वच्छता ही सेवा-2024 के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता झ संस्कार स्वच्छता की थीम पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ा - 2024 के अंतर्गत एक पेड़ माँ के अभियान के अंतर्गत आचार संहिता के नियमों को पूर्ण ध्यान रखते हुए कार्यालय के आंतरिक परिसर में पौधारोपण किया गया। कार्यालय प्रमुख विकास कुंडल ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता के लिए मन, वचन और कर्म से समर्पण की आवश्यकता है। स्वच्छता हमारे जीवन के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी महत्वपूर्ण है । हमें स्वच्छता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन अनिवार्य रूप से करना चाहिए` पौधारोपण इसी स्वच्छता कार्यक्रम का हिस्सा है। पौधे न केवल वातावरण को स्वच्छ रखने में अपना अमूल्य योगदान देते हैं बल्कि आत्मिक शांति प्रदान करने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि पौधों को बढ़ते हुए , उनमें फूलों को खिलते हुए देखना अपने आप में एक सुकून देता है। कार्यालय प्रमुख ने सभी कार्मिकों को कार्यालय परिसर के पौधों की देखरेख करने के लिए प्रेरित किया। पौधों में भी जीवन होता है इसलिए उनका संरक्षण और संवर्धन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि कोई कार्य करने योग्य है तो हमें उसे पूर्ण तत्परता , तन्मयता और निष्ठा के साथ सकारात्मक दृष्टिकोण से करना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यालय कार्मिकों के कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उन्हें स्वच्छ एवं अनुरूप वातावरण प्रदान करना बेहद आवश्यक है हमारा कार्यालय इसके लिए विशेष रूप से प्रतिबद्ध है। पौधारोपण से पूर्व स्क्रीन पर स्वच्छमेव जयते गाना सभी को दिखाया गया।